## भीषण गर्मी में विधायक बैरवा ने पक्षियों के लिए बांधे परिंडे



**मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू।** वार्ड -17 स्थित नीलकंठ मंदिर पर बाबा श्याम परिंडा अभियान के सहयोग से शुभारंभ करते हुए कहा कि पड़ रही भीषण गर्मी से पक्षियों की सुरक्षा के लिए नियमित रूप से उनके दाने पानी की व्यवस्था करना आवश्यक हो गया है। इसके लिए बाबा श्याम परिंडा अभियान शुरू किया है श्याम भक्त योगेश कुमावत एवं साथियों ने। बेजुबान पक्षियों के लिए पेडो पर 100 से अधिक बांधे परिंडे। जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने कहा कि बीजेपी जुबान पशु पक्षियों की रक्षा करना बड़ा धर्म है। इससे बड़ा मानव धर्म और पुण्य नहीं है, सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने गांवों और बूथों पर परिंडे लगाएंगे ताकि पक्षियों को राहत मिल सके। गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी और दाने की विशेष व्यवस्था पर दिया जोर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, नगर अध्यक्ष कृष्णा सैनी, परिंडा लगाओ अभियान के सक्रिय कार्यकर्ता योगेश कुमावत सहित अन्य मौजूद रहे।

## गंगापुर सिटी में बिना दहेज हुई शादी, एपीएस ने किया सम्मान



**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** महवा एपीएस टीम महवा की ओर से दहेज के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का असर बढ़ता जा रहा है। लोग अभियान से जुड़कर बिना दहेज के शादी करने लगे है। एपीएस प्रमुख एफ आर शाह ने बताया कि गंगापुर सिटी के रहने वाले अरमान खान पुत्र रहीश खान ने सुश्री सना बानो पुत्री मोहम्मद खान गंगापुर सिटी के साथ बिना दहेज के शादी की। दूल्हे अरमान खान ने बताया कि सभी को बिना दहेज के शादी करनी चाहिए। जिससे गरीब परिवार के घर की लड़की की भी आसानी से शादी हो जाए। सूचना पर एपीएस टीम के लोगों ने वहां पहुंचकर वर वधु एवं उनके परिजनो का अभिनंदन किया। प्रशस्ति पत्र पर देकर सम्मान किया ।वलीमा कार्यक्रम में एपीएस टीम की ओर से पत्रकार इबरार अहमद, जावेद शेख, नजरुद्दीन सदर, मतीन भाई शफीक भाई, आशिफ आदि मौजूद रहे।

## जाट समाज विकास समिति की कार्यकारिणी गठित



**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** जाट समाज विकास समिति की कार्यकारिणी की बैठक बालिका छात्रावास के निर्माण के लिए समिति अध्यक्ष जीत को सागवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें बालिका छात्रावास आवंटन के बाद निर्माण हेतु नक्शा तैयार करवाने का निर्णय लिया है।

आवंटन भूमि पर बोर्ड लगाने का प्रस्ताव दिया गया है इसके अलावा भूमि पूजन और भूमिपूजन व शिलान्यास करने का निर्णय भी लिया गया है। भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह में अलवर जिले की समस्त जाट सरदारी को बुलाने का निर्णय लिया गया है। बालिका छात्रावास के निर्माण में समाज का सहयोग लिया जाएगा। इसके लिए समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

इस छात्रावास में कैमरा निर्माण हेतु समाज के काफी समाजसेवी के द्वारा घोषणा की गई है। बैठक में जिला प्रमुख बलबीर सिंह प्रेम सिंह फौजदार हंसराज चौधरी राजेश चौधरी महेंद्र चौधरी सुमेर चौधरी डॉक्टर निहाल सिंह मोहन सिंह फौजदार सहित अन्य सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने हमेशा डॉ. अंबेडकर की उपेक्षा की है : मीणा

## डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मॉर्निंग न्यूज @ राजगढ़।** कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित तुषार मैरिज गार्डन में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पखवाड़े कार्यक्रम के तहत संविधान निर्माता भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम का आयोजन एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण लाल मीना के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने की। बैठक में एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण लाल मीना ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अम्बेडकर की उपेक्षा की है। कांग्रेस पार्टी संसद भवन में अम्बेडकर की एक छायाचित्र तक नहीं लगा पाई। भाजपा शासन में डॉ अम्बेडकर को भारत रत्न का सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल वोट के लिए अम्बेडकर के नाम का सहारा लेती है। कांग्रेस के कार्यकाल में सबसे ज्यादा संविधान में संशोधन किए गए हैं। भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीणा ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों को अंगीकार करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों पर चलने की बात कही।

कार्यक्रम के संयोजक अशोक वर्मा द्वारा प्रस्तावना का पठन किया गया। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमनाथ धामाणी, नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा सहित वक्ताओं ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। बैठक में डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट मुकेश जैमन ने किया। इस मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना शर्मा, सीता शर्मा, डॉ नीरज शर्मा, पदमा गोयल, प्रीति विजय, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, खेमसिंह आर्य, अजय यादव, लोकेश रावत, कपूर गुप्ता सहित राजगढ़ - लक्ष्मनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बेजुबान पशु-पक्षियों की देखभाल के लिए दिए सुझाव



**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** गर्मी का मौसम आते ही जैसे हम खुद को ठंडा रखने के उपाय ढूंढने लगते हैं, ठंडा पानी, छाया, पंखा या कूलर— वैसे ही हमारे पशु भी राहत चाहते हैं। फर्क बस इतना है कि हम अपनी बात कह सकते हैं, पर ये बेजुबान जानवर कुछ कह नहीं सकते।

इन्हें बस हमारी देखभाल और समझदारी पर भरोसा होता है। गाय, भैंस, बकरी, ऊँट या कोई भी पालतू जानवर हो, सब पर गर्मी का असर सीधा पड़ता है। अगर समय रहते इनकी देखभाल न की जाए, तो कई प्रकार की समस्याएं पैदा हो सकती हैं — दूध में गिरावट, बीमारियाँ, गर्भपात, या कभी-कभी जान तक का खतरा। इसलिए जरूरी है कि हम गर्मी से पहले ही तैयारी कर लें। इसके लिए पशु पालन विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंकित कुमार सेठी ने पशु पालक एवम किसानो को सलाह दी है। गर्मी में पशु का शरीर जल्दी गरम हो जाता है और उसे ज्यादा पानी की जरूरत होती है। लेकिन कई बार पानी या तो गंदा होता है, या भरपूर मात्रा में नहीं मिल पाता। दिन में कम से कम दो बार पानी बदलें, पानी के बर्तन छांव में रखें ताकि गर्म न हो जाएं, पक्षियों के लिए छांया और ठंडी जगह का इंतज़ाम करें, हल्का और पौष्टिक आहार देना जरूरी, हरा चारा जैसे बरसीम, मक्का, ज्वार आदि। पशु भी आराम महसूस करते हैं जब उन पर ठंडा पानी डाला जाए या नहलाया जाए। सुबह-शाम हल्के ठंडे पानी से नहलाएं।

## डॉ. संदीप सैनी बने जिला कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** डॉक्टर संदीप सैनी के जिला कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनने पर आज अलवर जिला सैनी महासभा अध्यक्ष अनिल सैनी की अध्यक्षता में स्वागत सम्मान कार्यक्रम होटल गोल्डन बाग, कटीघाटी, अलवर पर रखा गया। इस सम्मान समारोह में समाज की विभिन्न संस्थाओं द्वारा डॉक्टर संदीप सैनी का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ. संदीप सैनी का सम्मान करने वालों में ऑल इंडिया सैनी समाज के अध्यक्ष हुकमाराम सैनी, राष्ट्रीय सैनी सभा के अध्यक्ष कमल सैनी, विद्यार्थी उन्नत शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष विकास बबेरवाल, महात्मा मोहन दास सेवा समिति उपाध्यक्ष झम्मन सैनी, ज्योतिबा फले दर्शन समिति से अशोक सैनी व्याख्याता, सैनी शिक्षा समिति उपाध्यक्ष नवल सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज उत्थान समिति मालाखेड़ा के अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, प्रचार मंत्री जितेंद्र सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति बहादरपुर अध्यक्ष रमेश सैनी, पवन सैनी, महेंद्र सैनी, भागवत सैनी ने स्वागत सम्मान किया।

## संगठन ने मृतक के परिवार को किया सहयोग



**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** सुमेरपुर में मारवाड़ निर्माण मजदूर संगठन श्रमिकों के लिए पैरवी करने का कार्य कर रहा हैं। 2 माह पहले उदयपुर जिले के सायरा तहसील का रमेश कुमार अपनी परिवार के भरण पोषण के लिए सुमेरपुर में आरसीसी का कार्य करता था एक दिन अपने परिवार से मिलने के लिए घर जा रहा था पर रास्ते में मोटरसाइकिल से दुर्घटना होने के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।

जिसके 2 छोटे छोटे बच्चे थे उनके भरण पोषण के लिए संगठन के लोगों ने सहयोग करने के लिये सभी सदस्यों से विनती की गई जिससे 1 लाख 1 हजार रुपये इखटा किया गया। संगठन अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि रमेश कुमार के पास कोई भी दस्तावेज नही होने के कारण उसको इलाज कराने में काफी परेशानी हुई थी जिस कारण सरकारी योजनाओं का लाभ भी नही मिल पाया, इसका इलाज का खर्चा तो ठेकेदार कैलाश कुमार से बातचीत कर कराया गया पर चोट गम्भीर होने के कारण वो बच नही सका।

हमारे द्वारा ठेकेदार संगठन से बात करके इसके परिवार की सहायता किटने के लिये चंदा एकत्रित किया गया जिसमें आरसीसी के ठेकेदार सुखदेव के द्वारा सभी से राशि एकत्रित की गई इस प्रकार 1 माह में 1लाख 1 हजार रूपये एकत्रित किया गया जिससे ठेकेदार संगठन के शिवशंकर यादव ने बताया कि मृतक के परिवार व बच्चों को बुलाकर राशि सौंपी गई और इन पैसे को दोनों बच्चों के दस्तावेज बनाकर खाते में जमा करना तह किया गया। दस्तावेज बनाने की जिम्मेदारी भी संगठन के सदस्यों के द्वारा ली गई।

दस्तावेज को लेकर जल्दी ही प्रोसेस शुरू किया जायेगा इन बच्चों को पालनहार योजनाओं से जोड़ने की जिम्मेदारी ली गई। इस दौरान ठेकेदार संगठन के राजेन्द्र कुमार, सुखदेव, कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश, हरिराम, लक्ष्मण, दिलीप कुमार, नरेंद्र डूडी, पुराराम, दानवीर मौजूद रहे।

## सोनिया एवं राहुल के खिलाफ कार्रवाई का किया विरोध




**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा की जा रही राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई के विरोध में आज ब्लॉक, ब्लॉक ब्एवं मंडल नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा पीसीसी के उपाध्यक्ष भरतपुर संभाग के प्रभारी बांदीकुई के पूर्व विधायक जीआर खटाना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने गांधी पार्क से एसडीएम कोर्ट तक पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया। खटाना ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जब से केंद्र में आई हैं तब से ईडी सीबीआई सहित अन्य जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही हैं। इनसे कांग्रेस के नेता डरने वाले नही हैं हम सड़क से संसद तक विरोध करेंगे राहुल गांधी ओर सोनिया गांधी के परिवार ने देश के लिये बलिदान दिया हैं सोनिया गांधी देश के लिये मिसाल और उदाहरण हैं, जिन्होंने 2004 में प्रधानमंत्री का पद ठुकरा दिया था पूरा देश सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हैं। दौरान ब्लॉक ए के अध्यक्ष रामेश्वर मीना, बी के अध्यक्ष खेमराज बैरवा,बसवा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर व्यास, बांदीकुई शहर मण्डल अध्यक्ष अशोक काठ, बसवा शहर मण्डल अध्यक्ष मनोहर सोडिया, बांदीकुई प्रधान सुनीता खूंटला, बसवा प्रधान सीताराम मीना, बैजुपाडा प्रधान सरोज योगी, बांदीकुई नगरपालिका अध्यक्ष इंदिरा बैरवा, वाइस चेयरमैन राजेश शर्मा, जिला महासचिव जयसिंह बैरवा, दिलीप माल, राजाराम एडवोकेट, कुलदीप डोई, श्यालावाश मण्डल अध्यक्ष हरिमोहन माल, अशोक मानोता, नादान सिंह मीना, प्रदेश सचिव चतर सिंह बासड़ा, रतन सिंह पटेल, डॉ ओपी बैरवा ,राजेन्द्र चौधरी, विश्राम प्रजापत, बीएल नागर, बाबूलाल, पार्षद गजानन्द मधुकर, भगवान सहाय, सतीश सोमाडा राकेश कुमार योगी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बाबा बलदेवदास महाराज का भरा मेला

### विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन, कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** टपूकड़ा क्षेत्र के गांव राबड़का में पावन धाम बाबा बलदेव दास महाराज के मंदिर पर मेला व विशाल भंडारे के साथ कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। पूर्व सरपंच नरेन्द्र यादव ने बताया कि बाबा बलदेव दास महाराज का मेला हर छः माह में लगता है, आस -पास के गांवों में बाबा के प्रति श्रद्धालुओं में भारी आस्था है। जागरण में कलाकारों ने बाबा का गुणगान किया व सुबह हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन प्रारम्भ हुआ। मेले व भंडारे और कुश्ती दंगल का आयोजन बाबा बलदेव दास विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा किया गया। भण्डारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया व शाम को कुश्ती दंगल का अयोजन हुआ।कुश्ती दंगल में दूर दराज से आये पहलवानो ने छोटी-बड़ी कुश्ती की। जिसमे कुश्ती का आखरी कामडा 51 हजार का हुआ। आखिरी कुश्ती एडवोकेट वीरनारायण यादव के द्वारा करवाई गई, जिसमे आखरी कामड़ा दिनेश गोला और सतीश खुर्मपुर के बीच हुआ। जिसमे दिनेश गोला विजेता रहे। बाबा बलदेव दास विकास समिति अध्यक्ष सावंत सिंह यादव, सचिव जगदीश यादव, कोषाध्यक्ष रूप चंद यादव, कप्तान दयाराम, एडवोकेट वीर नारायण यादव, पूर्व सरपंच सत्यप्रकाश यादव, राजेश महाशय आदि मौजूद रहे।

**NAME CHANGE**

I Have Changed My Name From Rekha To Rekha Ahlawat For All Propose In Future R/O F-13 Sugan Vihar Sector-2 Vidhyadhar Nagar Jaipur Raj 302039

I Have Changed My Name From Shree Kishan To New Name Shree Kishan Tholiya For All Proposes In Future R/0 130 Tholiyon Ka Rasta Vpo Jili Teh Sujangarh Churu

I Have Changed My Name From Ashok Kumar To New Name Ashok Kumar Khichi For All Proposes In Future R/0 Baba Bharat Gas Service Sadulpur Dist Churu Rajasthan

I Have Changed My Name From Indraj To New Name Indraj Choudhary For All Proposes R/O VPO payli Teh Maulasar Dist Didwana Kuchaman

I Have Changed My Name From Mahika To New Name Mahika Gidwani For All Proposes R/O Hansvilla Bohra Petrol Pump Kishanganj Beawar

I Have Changed My Name Ravi Kumar Jain To Ravi Jain For All Future Porpuse And Add-3-I-23 Ward No-37 Jawahar Nagar, Ganganagar, Sri Ganganagar, Rajasthan 335001

**नाम परिवर्तन**

मैने मेरा नाम परिवर्तन कर लिया है भविष्य में मुझे स्वाति जोशी आसोपा से स्वाति जोशी पुत्री श्री अशोक जोशी हाउस न. 3 रघु विहार महारानी फार्म हाउस, दुर्गापुरा जयपुर के नाम से ही जाना जाए।

## पृष्ठ एक का शेष...

### पत्नी के...

हॉलीवुड-बॉलीवुड स्टार्स के साथ दुनियाभर के सेलिब्रिटीज की पसंद है।

अपने आखिरी दिनों में पूर्व महारानी गायत्री देवी भी रामबाग पैलेस में मौजूद लिलिपूल पैलेस में रहती थीं। रामबाग पैलेस को भारत का सबसे महंगा होटल माना जाता है।

### अजमेर की...

की वर्दी की विशल में टेप से लपेटकर तीन मोबाइल सिम कार्ड छुपाए हुए बरामद किए गए। इस संबंध में अजमेर के सिविल लाइन पुलिस थाने में राजस्थान कारागार संशोधन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी प्रहरी को 24 फरवरी को ही गिरफ्तार किया गया। जिसे विभाग द्वारा 27 फरवरी को निलंबित कर दिया गया था।विभागीय जांच पूरी होने के बाद शुक्रवार को डीआईजी कारागार जोधपुर रेंज दिनेश कुमार मीणा द्वारा जेल प्रहरी छोटाराम पुत्र लखाराम बेल्ट नंबर 5093 को राज्य सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

### बंगाल हिंसा...

वह अपने यहां अल्पसंख्यकों के नरसंहार से ध्यान भटकाना चाहता है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुई घटनाओं को लेकर बांग्लादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को हम खारिज करते हैं। बांग्लादेश इस तरह के बयान दे रहा है, जबकि वहां अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने वाले अपराधी आजाद घूम रहे हैं।

### प्रदेश में...

और जयपुर में आज सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। दोनों ही शहरों में साल 2018 के बाद अप्रैल में इतना तापमान दर्ज हुआ।

**फलोदी में रही रात सबसे गर्म :** दिन के अलावा रात में भी कई शहरों में तेज गर्मी रही। कोटा और फलोदी में गुरुवार को रात का न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा गर्म रात फलोदी में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। 20 अप्रैल से हवाओं की दिशा बदलेगी और राजस्थान में पश्चिमी हवाओं की जगह उत्तरी हवा का प्रभाव बढ़ने लगेगा। इससे दिन के तापमान में गिरावट होगी और लोगों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने का अनुमान जताया है और तेज गर्मी से राहत मिलने की संभावना जताई है।

## बांग्लादेश बोला-पाकिस्तान 1971 के नरसंहार पर माफी मांगे

**ढाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच 15 साल बाद विदेश सचिव स्तर की बातचीत हुई। इस दौरान बांग्लादेश ने कई अनसुलझे मुद्दे उठाए। बांग्लादेशी विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन ने पाकिस्तान से 1971 के अत्याचारों के लिए औपचारिक माफी की मांग की। बांग्लादेश ने कहा कि 1971 में जब दोनों देश एक ही थे, पाकिस्तान तब की संयुक्त संपत्ति से बांग्लादेश के हिस्से के 4.3 अरब डॉलर (36 हजार करोड़ रु. या 52 हजार करोड़ टका) का भुगतान करे। इसके साथ 1970 में आए चक्रवात के वक्त बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) की मदद के लिए मिले 200 मिलियन डॉलर (करीब 2400 करोड़ टका) का भी भुगतान करे।

बांग्लादेश ने ढाका शिविरों में रह रहे 3 लाख से ज्यादा फंसे हुए पाकिस्तानियों की वापसी का भी मुद्दा उठाया। बांग्लादेश में इन्हें 'बिहारी' कहा जाता है। ये मूल तौर पर उर्दू भाषी मुस्लिम प्रवासी हैं, जो 1947 में भारत के बंटवारे के बाद बिहार और उत्तर प्रदेश से पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) बस गए थे। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद, इन लोगों ने पश्चिम पाकिस्तान के लिए वफादारी दिखाई, जिसके कारण इन्हें बांग्लादेश में भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

## यूक्रेन पीस डील से बाहर हो सकता है अमेरिका

**पेरिस ( एजेंसी )।** अमेरिका जल्द ही खुद को रूस-यूक्रेन पीस डील से बाहर कर सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में अगर रूस और यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो अमेरिका शांति के प्रयास छोड़ देगा। डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए लगभग 90 दिन बीत चुके हैं। इस दौरान अमेरिका और रूस के बीच कई बार यूक्रेन जंग के समाधान पर बातचीत हो चुकी है। लेकिन ट्रम्प प्रशासन को शांति कायम करने में कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है। शुक्रवार को पेरिस दौरे से लौटते वक्त रुबियो ने कहा कि अगर यूक्रेन जंग को खत्म करना संभव नहीं है, तो अमेरिका को अगले कुछ दिनों में अपनी कोशिशें छोड़ देनी चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए।

**जंग को रोकने के लिए अमेरिका ने पीस प्लान पेश किया :** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने गुरुवार को पेरिस में यूरोपीय और यूक्रेनी नेताओं के साथ मुलाकात की थी। यह बैठक जंग को खत्म करने के लिए की जा रही ट्रम्प प्रशासन की कोशिश के तौर पर आयोजित किया गया। इस बैठक में अमेरिका ने शांति के लिए एक प्लान पेश किया।

**आम सूचना**

[illegible]

प्रार्थी
महेश कर्णावत पुत्र श्री स्व. मथोलाल, निवासी - 65, श्रीराम विहार, जामडोली, जयपुर। मो. 7790903113